कलेक्ट्रेट का घेराव कर किसानों ने किया प्रदर्शन

बड़ौदा नालों के डायवर्जन का विरोध, मुआवजा, बीमा क्लेम और जननेता नरेश मीणा की रिहाई की उठी मांग

नवभारत न्यूज

श्योपुर,06 अगस्त। बुधवार को किसानों ने कलेक्ट्रेट श्योपुर का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। यह आंदोलन किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला के नेतृत्व में आयोजित हुआ। प्रदर्शन के उपरांत कलेक्टर अर्पित वर्मा के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार जैन को सौंपा गया। इस जनआंदोलन का मुख्य उद्देश्य बड़ौदा के नालों को अहेली नदी में डायवर्ट करने की विनाशकारी योजना का विरोध करना था। प्रदर्शनकारियों ने चेताया कि इस योजना से बाढ़ग्रस्त इलाकों में तबाही और बढ़ेगी, जिससे किसानों, गरीबों और ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

ज्ञापन के माध्यम से अतिवृष्टि से नष्ट फसलों के मुआवजे, लंबित फसल बीमा क्लेम, क्षतिग्रस्त चंबल नहर की मरम्मत, खेत सड़क योजना की शुरुआत, प्रधानमंत्री आवास योजना की बहाली, मूंडला गांव की जर्जर विद्युत लाइन को बदलने, खाद की किल्लत और कालाबाजारी पर रोक लगाने जैसी जनहितकारी माँगों को प्रशासन के समक्ष रखा गया। साथ ही राजस्थान के राज्यपाल के नाम दिए गए ज्ञापन में झालावाड़ स्कूल हादसे के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की भी माँग की गई। प्रदर्शनकारियों ने जननेता नरेश मीणा की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी का भी कड़ा विरोध करते हुए उनकी अविलंब रिहाई की माँग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक न्याय नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला, सरपंच धर्म सिंह मीणा, मूलचंद मीणा, प्रेमशंकर, रामअवतार, रामसिंह मीणा, महावीर कनापुर, विदेश मीणा, लवकुश मीणा, रेशु मीणा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को चेताया कि यदि इन माँगों पर समय रहते ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन और अधिक तेज एवं उग्र किया जाएगा।

नवोदय विद्यालय की कक्षा 11वी में प्रवेश 10 तक

नवभारत न्यूज

श्योपुर,06 अगस्त। जवाहर नवोदय विद्यालय श्योपुर की कक्षा 11वी में प्रवेश के लिए वर्ष 2025 में कक्षा 10वी पास करने वाले छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किये गये है। यह आवेदन ऑफलाइन भरे जायेगें, जिसकी अंतिम तिथि 10 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है।

जवाहर नवोदय विद्यालय जैदा श्योपुर के प्राचार्य श्री केके कटियार ने बताया कि एनवीएस पोर्टल पर आवेदन पत्र उपलब्ध है, यहां से आवेदन डाउनलोड किये जा सकते है। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र ऑफलाइन विद्यालय में जमा करने होंगे।

प्राचार्य कटियार ने बताया कि आवेदन फार्म पर आवेदक के फोटो, हस्ताक्षर एवं पालक के हस्ताक्षर अनिवार्य है तथा आवेदन के साथ कक्षा 10वी की मार्कशीट की छायाप्रति सलंग्न करना होगी। आवेदन फार्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो हेल्पडेस्क पर मोबाइल नंबर 9425196552, 8949706009 एवं 7999123449 जवाहर नवोदय विद्यालय श्योपुर में संपर्क कर सकते है। शैक्षणिक वर्ष 2025 में कक्षा 10 उतीर्ण करने वाले ऐसे विद्यार्थी जिनकी जन्मतिथि 1 जून 2008 से लेकर 31 जुलाई 2010 के मध्य है, वे आवेदन पत्र भरने के लिए पात्र होंगे।

मकान मिस्त्री और ठेकेदारों को दी तकनीकी जानकारी

श्योपुर। जिले के ढोढर कस्बे में सोमवार की शाम 6 बजे श्रीराम सीमेंट द्वारा एक विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मकान मिस्त्री एवं ठेकेदारों को तकनीकि जानकारियां प्रदान की गई। इस मौके पर श्रीराम सीमेंट एजेंसी के अधिकारी शशिकुमार शर्मा एवं विकास सिंह द्वारा बताया गया कि श्रीराम सीमेंट में वे सभी आवश्यक तत्व मौजूद है जिससे मकान की नींव मजबूत बनती है साथ ही मकान का निर्माण भी काफी उच्च गुणवत्ता का निर्माण होता हैं।

गोवंश की मौत का कारण बन रही नगर परिषद की लापरवाही

बस स्टैंड बना पॉलीथिन-कचरे का ढेर, गोवंश की जान पर बन आई

मनीशंकर शर्मा

विजयपुर,06अगस्त। नगर परिषद विजयपुर की घोर लापरवाही और संवेदनहीनता के कारण शहर में बेसहारा गोवंश की हालत दिन पर दिन बदतर होती जा रही है। सबसे गंभीर स्थिति बस स्टैंड क्षेत्र की है, जहां नगर परिषद द्वारा खुले में कूड़ा-कचरा और पॉलीथिन फेंका जा रहा है। यही कचरा गोवंश के लिए मौत का कारण बनता जा रहा है। गोवंश इस कूड़े में से प्लास्टिक, सड़ी-गली चीजें खा लेते हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य बिगड़ता है और कई बार उनकी मौत हो जाती है।

शासन दे रहा करोड़ों, लेकिन ज़मीन पर नहीं दिख रहा असर: शासन की ओर से गोवंश संरक्षण के लिए हर साल करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। गोशालाओं के निर्माण, चारे-पानी और चिकित्सा की व्यवस्था के लिए पर्याप्त बजट होता है, लेकिन विजयपुर में न तो कोई ठोस

जनता की मांग:

कूड़ा पॉलीथिन हटाकर साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था हो।
गोवंश के लिए चारा-पानी और इलाज की तत्काल व्यवस्था की जाए।
बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने के सख्त निर्देश जारी हों। गोशालाओं की स्थिति की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो।

रोड की समस्या को लेकर पांच गांव के लोगों ने किया चक्काजाम

सलापुरा नहर से मातासूला तक पक्की सड़क की मांग

नवभारत न्यूज

श्योपुर,06अगस्त। में पाली रोड स्थित सलापुरा नहर से मातासूला तक कच्चे रास्ते को डामर सड़क में बदलने की मांग को लेकर बुधवार को इच्छापुर, नागदा, नगदी, मातासूला और तिल्लिपुर गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। सुबह 12 बजे शुरू हुए इस प्रदर्शन में ग्रामीणों ने सलापुरा नहर के पास मुख्य मार्ग पर दोनों ओर से रास्ता बंद कर दिया। इससे यातायात पूरी तरह से ठप हो गया।

ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने तब तक रास्ता नहीं खोला जब तक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। चक्काजाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इनमें स्कूली बच्चों की वैन और अन्य सार्वजनिक वाहन भी शामिल थे। तेज धूप और उमस भरे मौसम में बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के 77 साल बाद भी वे अब तक पक्की सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। सलापुरा नहर से लेकर इच्छापुर, नागदा, नगदी, मातासूला और तिल्लिपुर तक जाने वाली सड़क आज भी कच्ची है। इस रास्ते से रोजाना सैकड़ों ग्रामीण, छात्र-छात्राएं और मरीज श्योपुर शहर आते-जाते हैं। बारिश के समय यह रास्ता कीचड़ और जलभराव से इतना खराब हो जाता है कि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार जिला प्रशासन को आवेदन व ज्ञापन सौंपे। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। नगर पालिका द्वारा इसी रास्ते पर कचरा भी फेंका जाता है। इससे रास्ता और ज्यादा बदहाल हो गया है।

ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि जब तक इस रोड का डामरीकरण नहीं होता, तब तक इस रास्ते को मिट्टी और मुर्रम से अस्थायी रूप से बनाया जाए। इससे इमरजेंसी स्थिति में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। कई बार गर्भवती महिलाओं और बीमार व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने में समय लग जाता है। इससे गंभीर परिणाम हो सकते हैं। एसडीएम के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने डेढ़ घंटे बाद रास्ता खोल दिया।

फिर श्योपुर के कूनो से निकलकर जाखदा गांव में पहुंची मादा चीता गामिनी

नवभारत न्यूज

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से निकलकर दो चीते कराहल जनपद की ग्राम पंचायत जाखदा के ग्राम हसनपुर पहुंच गए हैं। बुधवार सुबह मादा चीता गामिनी और उसका शावक खेतों से होते हुए गांव पहुंच गए। उन्होंने घर के पास बंधे एक बछड़े का शिकार किया। गांव वालों ने इसका वीडियो भी बना लिया। कूनो सीसीएफ उत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि जिस ग्रामीण के बछड़े का शिकार चीतों ने किया है, उसे मुआवजा मिलेगा। साथ ही, मॉनिटरिंग टीम द्वारा चीतों कों गांव से बाहर कर दिया है।बुधवार सुबह करीब 7 बजे गांव वाले अपने काम में व्यस्त थे। अचानक गांव के ही रहने वाले पप्पू पटेलिया के बाड़े में बंधी गायों में हलचल होने लगी। यहां उसकी गाय और पास ही उसका बछड़ा खूंटे से बंधा था। दोनों चीतों ने बछड़े पर हमला कर दिया था। करीब एक घंटे तक दोनों ने वहीं बैठकर उसे खाया। कुछ लोगों ने दूर से इसका वीडियो भी बनाया। वीडियो में एक चीता अपने शिकार को खाते दिख रहा है। वहीं, दूसरा आराम कर रहा है। गांव के लोग डर के मारे घरों में ही दुबके रहे। डर के कारण कोई भी ग्रामीण बाहर नहीं निकला।

वन विभाग की टीम कर रही निगरानी

गांव वालों ने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। इसके बाद टीम मौके पर पहुंचकर निगरानी कर रही है। अधिकारियों ने तत्काल लोकेशन ट्रैक कर उन्हें गांव से बाहर खदेड़ना शुरू किया। फिलहाल, दोनों चीतों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उन्हें सुरक्षित तरीके से कूनो सेंचुरी में वापस भेजने का प्रयास किया जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चीतों की मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। दोनों चीतों को सुरक्षित जंगल क्षेत्र में ले जाने की कोशिश की जा रही है। विभाग द्वारा गांव के आसपास के क्षेत्रों में गश्त भी बढ़ाई गई है।

गांव वालों में आक्रोश

इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने वन विभाग से मांग की है कि सेंचुरी की सीमा को सुरक्षित बनाया जाए। ऐसे कदम उठाए जाएं जिससे वन्यजीव आबादी में न घुस सकें। ग्रामीण ध्रुव मीणा ने बताया कि यदि वन विभाग समय पर नहीं पहुंचता, तो बड़ी अनहोनी की आशंका थी। यह पहली बार नहीं है, जब कूनो से चीते बाहर निकले हों। इस बार वे सीधे आबादी क्षेत्र तक पहुंच गए और शिकार भी कर लिया। गांव वालों ने यह भी कहा कि वन विभाग को गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए, ताकि लोगों को पता चल सके कि यदि चीता या अन्य वन्यजीव गांव में घुस आए, तो उन्हें क्या करना चाहिए। सुरक्षा के लिए वन विभाग को रात्रिकालीन गश्त भी बढ़ानी चाहिए।

दो दिन पहले इसी क्षेत्र में नजर आई थी गामिनी

दो दिन पहले सेसईपुरा गांव में कमल ढाबे के पीछे खेत में मादा चीता गामिनी अपने शावक के साथ देखी गई थी। गांव वालों का कहना है कि गामिनी के साथ उसके बाकी तीन शावक भी आसपास मौजूद थे। चीता के खेत में देखे जाने के बाद ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया है। बताया गया है कि इस समय कूनो के खुले जंगलों में कुल 16 चीते हैं, जो बारिश के बावजूद सक्रिय और स्वस्थ हैं।

आज शिवनगर फीडर से 4 घंटे बंद रहेगी सप्लाई

श्योपुर। विधुत लाइन मेंटीनेंस के चलते 7 अगस्त गुरूवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिवनगर फीडर सें विधुत की सप्लाई बंद रहेगी, जिसके चलते हजारेश्वर कॉलोनी, विकास नगर, कृष्णा पैलेस के पीछे, पटवारी कॉलोनी, वकील कॉलोनी, शिवनगर कॉलोनी, हाडसिग बोर्ड, श्रीनाथपुरम कॉलोनी एवं रेलवे फाटक क्षेत्र में विधुत की आपूर्ति बंद रहेगी। प्रबंधक मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी उप संभाग श्योपुर शहर की ओर से जारी सूचना के अनुसार 11 अगस्त को पाली रोड फीडर एवं 12 अगस्त को चंबल फीडर से बिजली की आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। 11 अगस्त को पाली रोड फीडर से विधुत सप्लाई बंद रहने के चलते गांधी नगर, खरंजा रोड, बजाज नगर, बायपास रोड, मधुवन कॉलोनी, जयश्री पैलेस कॉलोनी, पीली कोठी, हैवी मशीनरी टीनशैड, चंबल कॉलोनी, महाराणा प्रताप नगर, मार्गा कॉलोनी, गुलमोहर कॉलोनी, प्राची नगर एवं कल्याणपुरम कॉलोनी में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विधुत की आपूर्ति बंद रहेगी। इसी प्रकार 12 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चंबल फीडर से सप्लाई बंद रहने के कारण महाराणा प्रताप नगर कॉलोनी, चंबल कॉलोनी, गुलमोहर कॉलोनी, नर्सरी के सामने, पप्पू होटल के आसपास, कॉलेज के सामने, जाट छात्रावास, जागा मोहल्ला, मोहनजी की बगीची, चिंताहरण हनुमान मंदिर एवं वार्ड 10 प्रभावित रहेंगे।

दतिया

सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

नवभारत न्यूज

दतिया,06अगस्त। ग्राम पंचायत बागपुरा में सरपंच पुष्पा देवी राजपूत पत्नी करण सिंह राजपूत के विरुद्ध पंचगणों ने अविश्वास प्रस्ताव पारित कियाहै। पंचों ने सरपंच पर पंचायत कार्यों में घोर लापरवाही, भष्टाचार, एवं शासन के नियमों की अनदेखी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पंचों का कहना है कि सरपंच के कर्तव्यों के तहत प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी, 15 अगस्त एवं 2 अक्टूबर को ग्रामसभा का आयोजन किया जाना चाहिए, जिसमें पंचायत की आय-व्यय और कार्ययोजना प्रस्तुत की जाती है। लेकिन सरपंच द्वारा इन तिथियों पर एक भी बार ग्रामसभा नहीं बुलाई गई, बल्कि सचिव से मिलीभगत कर केवल औपचारिकताएं पूरी कर शासन को रिपोर्ट भेज दी जाती है।

इसके अलावा आरोप है कि पंचायत में निर्वाचित पंच मासिक बैठक भी कभी आयोजित नहीं की गई। गौशाला संचालन अनियमित है, वहीं मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर भरे गए हैं और मजदूरों के एटीएम कार्ड इसके अलावा आरोप है कि पंचायत में निर्वाचित पंचों की मासिक बैठक भी कभी आयोजित नहीं की गई। गौशाला संचालन अनियमित है, वहीं मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर भरे गए हैं और मजदूरों के एटीएम कार्ड अपने पास रखकर उनकी मजदूरी निकालकर निजी कार्यों में खर्च की गई है। पंचों ने यह भी आरोप लगाया कि बागपुरा से हनुमान मंदिर तक का स्वीकृत पहुँच मार्ग 5 वर्षों बाद भी अधूरा है। रामकुमार के मकान से कुओं की ओर बनाई गई सीसी रोड दो माह में ही उखड़ गई, जो निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करता है। तालाब निर्माण मजदूरों की बजाय मशीन से कराकर रामकुमार, अयोध्या प्रसाद को सौंप दिया गया.. जिसमें अब धान की फसल बोई जा रही है। सरपंच ग्राम पंचायत बागपुरा के बजाय ग्राम बेरछ में निवास करती हैं और कृषि कार्यों में व्यस्त रहती हैं, जिससे पंचायत कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पंचगणों ने यह कहते हुए कि अब उनका सरपंच पर से विश्वास समाप्त हो गया है,

पंचायत सचिव से मांग की है कि 15 दिवस के भीतर विशेष ग्रामसभा बुलाकर विधि अनुसार सरपंच को पद से हटाया जाए। इस पूरे मामले ने बागपुरा पंचायत में राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। देखना होगा कि प्रशासन इस अविश्वास प्रस्ताव पर क्या कार्रवाई करता है। अविश्वास पारित करने वाले पंच ओम प्रकाश, रामकुमार, आरती देबी, कमला देवी, संगीता, राजवंती, श्रीदेवी, गुड्डी देवी उपस्थित रही।

स्कूल के निरीक्षण में जल भराव की स्थिति मिली

दतिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया अक्षय कुमार तेम्रवाल ने बुधवार को शहर के आरएलपीएस स्कूल पहुंचकर जल भराव एवं छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शाला में जल भराव की स्थिति तथा कक्षाओं में सीलन भारी हुई पाई गई।

निचली मंचित पर कक्षा एलकेसी, यूकेजी की कक्षायें संचालित होना पाई। इस दौरान कुछ कक्षाओं में रोशनी की कमी पाई गई तथा पंखा धीमि गति से और कुछ खराब पाए गए। श्री तेम्रवाल ने निरीक्षण उपरांत छात्रों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कक्षाओं के पंखे जल्द से जल्द ठीक कराने, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने तथा जल निकासी के स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी दतिया संतोष तिवारी, तहसीलदार बृजमोहन आर्य, जिला शिक्षा अधिकारी यूएन मिश्रा, श्रम अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा चिकित्सक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

दक्ष प्रजापति समाज की वृहद बैठक आज

दतिया। दक्ष प्रजापति समाज की महत्वपूर्ण विषयों के कार्यक्रमों को लेकर 7 अगस्त को शाम 06 बजे उनाव रोड स्थित श्रीरामचेरे बाबा मंदिर परिसर में आवश्यक वृहद बैठक आयोजित होगी। जिसकी अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष हरकिशोर प्रजापति द्वारा की जावेगी। बैठक में गुरु पूर्णिमा वर्ष 2025 का आय-व्यय, स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा, हर वर्ष भादों के माह में खैरी माता के मंदिर पर पूजा-अर्चना होने पर चर्चा सहित अन्य विषयों को अंतिम रूप प्रदान कर तैयारियां प्रारंभ की जाना हैं।

बारिश के मौसम में बच्चों में संक्रमण का खतरा

नवभारत न्यूज

दतिया,06अगस्त। बारिश के मौसम के साथ अस्पताल में बढ़ते मरीज़ खासकर बच्चे। क्योंकि इस मौसम में बच्चों में वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है! और अधिकतर बच्चे बुखार, सर्दी, खांसी और दस्त जैसी बीमारियाँ के साथ अस्पताल में देखे जा रहे व समस्या गंभीर होने पर भर्ती किए जा रहे !बच्चों की कमजोर प्रतिरोधक क्षमता व मौसम में नमी के चलते बच्चे बीमारियों के लिए इस मौसम में अधिक संवेदनशील होते हैं. ।

इस संबंध में जब जिला चिकित्सालय में पहुंचकर सह प्राध्यापक शिशु रोग विभाग डॉ मनीष अजमेरिया से बात की तो उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम के साथ घरों में दूषित पानी व खाने के प्रति साफसफाई व् रख रखाव पर ध्यान कम !व किसी अन्य बड़े या बच्चे को वायरल जैसे सर्दी खासी बुखार के संपर्क में आने से इसका(जैसे स्कूल,या घर मेल मिलाप) संक्रमण अधिक होता है !और साथ में आसपास पानी के जमा होने और उनमें पनपते मच्छर जो बच्चों में डेंगू चिकनगुनिया मलेरिया क साथ भी कई बच्चों में देखा जा रहा हे! मेरी सभी माता-पिता को यही सलाह है कि बच्चों को ताजा भोजन दे साथ में साफ़सफाई व हाथ जरूर धोए! बच्चों के शारीर में पानी की मात्रा को बनाए रखने के लिए समय समय पर साफ़पानी दे! भीड़ भाड़ वाली जगह से बच्चे को दूर रखे यदि बच्चे को वायरल बुखार है तो उसे स्कूल ना भेजे और अगर घर में किसी अन्य को वायरल हे तो बच्चे को दूर रखे! घर के आसपास पानी जमा ना होने दे! और अंत में जिसकी वजह से बच्चें लगातार संक्रमित होते ही उनकी कम प्रतिरोधक क्षमता तो उसे सुदृढ़ करने लिये समय समय पर बच्चों को टीकाकरण कराए ख़ासकर फ्लू टायफाइड और हेपटाइटिस का टीका जरूर लगवाए। और समय समय पर चिकित्सक से परामर्श करे किसी भी तरह के अनचाहा ईलाज ना ले बच्चों के लिए ।

मरीजों को किया नि:शुल्क दवाओं का वितरण

सिविल सर्जन डॉ. केसी राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला चिकित्सालय दतिया में मरीजों को तीन दवा काउंटरों से नि:शुल्क दवा का वितरण किया जा रहा है और शेष काउंटरों पर ओपीडी का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मरीजों की अधिक संख्या को देखते हुए दवा काउंटरों पर अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर दवाओं का वितरण किया जा रहा है। डॉ. राठौर ने बताया कि मैटरनिटी विंग में प्रसूताओं के लिए अलग से काउंटर स्थापित कर नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया जा रहा है।

अभिभावक गोष्ठी एवं संस्कृत सप्ताह का आयोजन

नवभारत न्यूज

दतिया,06अगस्त। बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर बालाजी नगर उनाव रोड दतिया विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी एवं संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत चलने वाले कार्यक्रम 6 अगस्त से 12 अगस्त तक चलेंगे विधालय के अवलोकनार्थ आज दीपक चंदेवा विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के सह प्रांत प्रमुख राम कुमार व्यास शिवपुरी विभाग के विभाग समन्वयक कल्याण सिंह चंदेल क्षेत्रीय आईसीटी प्रमुख केशव बाल विकास समिति के प्रबंधक मनोज गुप्ता रहें।

अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य ऋषि कुमार पांडेय द्वारा कराया गया स्वागत आकांक्षा तिवारी एवं गायत्री प्रजापति द्वारा किया गया अतिथियों को अंग वस्त्र प्राचार्य कपिल तांबे द्वारा भेंट किए गए कार्यक्रम के पश्चात विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के सह प्रांत प्रमुख एवं शिवपुरी विभाग के विभाग समन्वयक द्वारा आचार्य परिवार के साथ परिचयात्मक बैठक की गयी जिसमें महेश चौरसिया आकांक्षा तिवारी गायत्री प्रजापति रागिनी कुशवाहा गायत्री निरंजन मनोहर सिंह कुशवाहा हरि ओम निरंजन ऋषभ श्रीवास्तव आदि आचार्य परिवार उपस्थित रहा विसर्जन मंत्र के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

आज तक जिले में कुल 669 .30 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

दतिया। अधीक्षक भू-अभिलेख दतिया कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को जिले में कुल 4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। जिसमें दतिया में 4 मि.मी., सेवढ़ा में 12 मि.मी., औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि भाण्डेर, इन्दरगढ़ नया केन्द्र में वर्षा की स्थिति निल रही। गत वर्ष आज दिनांक को जिले में कुल 0.50 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

रोड पर बने गड्ढे,स्वयं के पैसों से दुरुस्त करवा रहे मोहल्लेवासी

दतिया । गत करीब एक माह से राजगढ़ चौराहा, दतिया के समीप रेंज परिसर के आम प्रवेश मार्ग की सड़क के बरसात के कारण टूट कर खस्ता हाल हो जाने से राहगीरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा था तथा उक्त मार्ग पर बने गड्ढे में कई बुजुर्ग, महिला और बच्चे गिर कर चोटिल हो चुके थे लेकिन निर्वाचित और चयनित जन प्रतिनिधियों के द्वारा शहर की जनता को भगवान भरोसे छोड़ देने और उपेक्षा किए जाने साथ ही कहने पर भी सुनवाई न होने पर निराश होकर जन हित में मोहल्ला निवासी नवेन्दू चतुर्वेदी ने बताया कि मैंने स्वयं अपने पैसों से इस मार्ग को दुरुस्त करवाने हेतु छोटा सा प्रयास किया है। हमें यह सोचना चाहिए कि जो जन प्रतिनिधि वोट मांगने हेतु वोटर लिस्ट और नाम, पता लेकर शहर के कोने- कोने में घूमते नजर आते हैं, क्या बरसात के मौसम में शहर वासियों की असुविधा की तरफ ध्यान देने और गली मौहल्लों में जाकर उन समस्याओं का समाधान करना उनका वैधानिक और नैतिक दायित्व नहीं है। यही स्थिति प्रकाश व्यवस्था की है, नगर पालिका में फरियाद करने पर कर्मचारी गाड़ी लेकर लाइट लगाने आते है, तो उन पर बल्ब नहीं होते, उसके लिए बल्ब और तार मंगवाकर देने होते हैं, सफाई करवाना हो, तो भी व्यक्तिगत प्रयास करने होते हैं।

प्राचीन भुजरिया मेला एवं मटकी फोड़ निशानबाजी प्रतियोगिता होगी

दतिया। नगर के सागरताल पर रक्षा बंधन के अवसर पर होने वाले प्राचीन भुजरिया का मेला का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होगा द्य जिसमें मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन सागरताल पर बड़ा ही भव्य तरीके से किया जायेगाद्य नगर में मटकी फोड़ निशानबाजी प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बृजकिशोर बल्ले रावत के द्वारा लगातार 23 वर्षों से यह आयोजन कराया जा रहा है यह आयोजन 24 वीं बार होगाद्य प्रतियोगिता में क्षेत्र के नामी निशाने बाज आते है और सभी अपना लख अजमाते हुये निशाने लगाने का प्रयास करते है। तीन चरण में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें प्रथम पुरस्कार 5100 रूपये, द्वितीय पुरुष्कार 3100 रूपये प्रदान किया जायेगाद्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीतेन्द्र लिटोरिया पूर्व म.प्र. खादी बोर्ड अध्यक्ष उपस्थित रहेगे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दतिया रघुवीर कुशवाहा करेगें। कार्यक्रम का आयोजन शनिवार शांम 4 बजे से किया जायेगा।